भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3961
दिनांक 19 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

आंगनवाड़ी केंद्रों में सब्जियों की खेती

3961. श्री जी.एम. सिद्धेश्वर:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने के लिए सब्जी की खेती शुरू करने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) इस संबंध में अंतिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है; और
(घ) यह बच्चों के लिए किस हद तक सहायक होगा?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (घ) : पोषण संबंधी प्रथाओं में परंपरागत ज्ञान का लाभ उठाकर आहारीय विविधता के अंतराल को पाटने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका विकसित करने को समर्थन करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया है। पोषण गार्डन स्थानीय तौर पर उपजे फलों और सब्जियों, जो व्यक्तिगत पोषण संबंधी आवश्यकता को पूरा करने में माइक्रो न्यूट्रेंट के उपभोग को बढ़ा सकते हैं की उपलब्धता सुनिश्चित कर महिलाओं और बच्चों की पोषणात्मक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह पारिवारिक या सामुदायिक स्तर पर भोजन और पोषणात्मक सुरक्षा तथा आहारीय विविधता सुनिश्चित कर कुपोषण का मुकाबला करने में एक स्थायी मॉडल साबित हो सकता है।

*****